हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 3 अप्रैल 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 34.2 डिग्री

4
शक्कर लेने गए मासूम की हाइवा की चपेट में आकर दर्दनाक मौत



## खबर संक्षेप

### डीईओ ने मूल्यांकन केन्दों का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद भटनागर ने आज मूल्यांकन केन्द्र जशपुर विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक जशपुर, फरसाबहार के माध्यममिक एवं हायर सेकेण्डरी शाला केरसई, कुनकुरी विकासखण्ड के हायर सेकेण्डारी शाला कुंजारा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुल 441 परीक्षक मूल्यांकन कार्य करते हुए पाए गए। डीईओ श्री भटनागर ने मूल्यांकन कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

### नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन 7 तक

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ में शासकीय और निजी कॉलेजों में वर्ष 2024-25 शैक्षणिक सत्र में स्नातक नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 7 अप्रैल निर्धारित कर दी गई है। बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन भर सकते है। बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 13 जून को आयोजित होगी। व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के संयुक्त नियंत्रक जे सिंह ने बताया कि बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन परीक्षा शुल्क अभ्यर्थियों से नहीं लिया जाएगा। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन भरने के बाद 8 से 10 अप्रैल तक त्रुटि सुधार की सुविधा भी रहेगी। स्कूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 और संशोधन नियम 2022 के प्रावधानों के तहत की जाएगी।

### महिला पर टांगी से जानलेवा हमला, युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सीतापुर पुलिस ने दशकर्म कार्यक्रम के दौरान महिला पर टांगी से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत



कटनईपारा निवासी 60 वर्षीया धनकुंवर अपने देवर के बेटे प्रमोद सिंह के साथ बेटी सोभावती के जेठानी के दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आई हुई थी। चंदनपान कार्यक्रम जब वृद्धा घर के अंदर बैठी थी तो दामाद प्रेमनाथ ने उसे पकड़कर बाहर निकाल दिया और दरवाजा अंदर से बंद कर बेटी सोभावती के सिर पर टांगी से प्राणघातक हमला किया। महिला को मृत समझकर युवक घर से भाग निकला जिसके बाद परिजन द्वारा महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान पुलिस ने मामले में शिकायत के बाद बिरिमकेला निवासी 47 वर्षीय प्रेमनाथ आ. खुलन सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त टांगी को जब्त करने के साथ ही युवक को धारा 307 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### खेत में लगा लोहे का पाइप व जाली ले उड़े चोर

**अम्बिकापुर।** खेत में लगाए गए लोहे का खंभा व जाली को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बनारस रोड निवासी राजकुमार पाण्डेय आ. स्व. अवध किशोर पाण्डेय ग्राम बलसेडी स्थित अपने घर में लोहे का पाइप से जाली लगाकर घेरा था। खेती बाड़ी के लिए अधिया में जददुराम को दिया। 18 मार्च को खेत गया तो देखा खेत में लगा खंभा सहित जाली गायब था। खेत से लगभग 20 हजार कीमत के लोहे का खंभा व जाली चोरी होने की रिपोर्ट राजकुमार पाण्डेय ने गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### किराए पर ली गई कार जब्त

# दुष्कर्म के चारों आरोपी पुलिस की सक्रियता से चंद घंटों में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

पुलिस की सक्रियता से तीन नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म करने के बाद फरार चारों आरोपियों को चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया है।

मामला इस प्रकार है कि तीन नाबालिग लड़कियों को मैनपाट घूमाने के लिए दो नाबालिक व एक बालिग लड़का किराए की अर्टिगा कार से ले गए थे। रास्ते में लड़कों द्वारा नाबालिग लड़कियों को पीने के लिए दिए गए शीतल पेय में नशीला टैबलेट मिलाकर दिए जाने से तीनों नाबालिक लड़कियां नशे के हालात में मदहोश हो गई। इसका फायदा उठाते हुए इन लड़कों ने बीच रास्ते में जंगल में रोक कर नाबालिग लड़कियों से बलात्कार किया। वही कार अर्टिगा के मालिक की भी नियत डोल गई और उसने भी नाबालिग लड़कियों से रेप किया। लड़कों ने घूमने के बाद बदहवास लड़कियों को बस स्टैंड में छोड़कर चलते बने। एक लड़की ने परिचित लड़के को रिंग कर बुलाने पर परिचित लड़के ने भी लड़की को पत्थलगांव के एक लॉज में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। दोनों बदहवास अन्य लड़कियां अपनी सहेली को नहीं आते देखकर पूरी घटना की सूचना अपने परिवार जनों को दी। इसके बाद परिवार वालों द्वारा थाने में सूचित करते ही पत्थलगांव पुलिस टीम के एसडीओपी धुर्वेश जायसवाल व थाना प्रभारी भानु प्रताप द्वारा तत्काल एक्शन लेते हुए चंद घंटे में ही नाबालिग लड़की को एक लाज से लड़का के साथ बरामद किया। बाकी तीनों आरोपियों को चंद घंटे में ही दबोच लिया गया। किराए पर ली गई अर्टिगा कार के मलिक को सीतापुर में मय वाहन के साथ पकड़कर थाने लाया गया। पत्थलगांव पुलिस द्वारा मामले पर एफआईआर दर्ज करते हुए तत्काल दो बालिग सीतापुर क्षेत्र के जिसमें एक गाड़ी मालिक उम्र 55 साल के साथ नाबालिक लड़कियों से रेप के दूसरे बालिक आरोपी को पकड़ ने के साथ ही दो नाबालिक आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि इस मामले में और जो भी दोषी पाए जाएंगे उन्हें किसी भी हाल में नहीं बक्शा जाएगा।



जब्त कार के साथ आरोपी।

# विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे साय

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 5 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होगें। इस दौरान मुख्यमंत्री साय कार्यकर्ताओं से सीधी बात कर लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा करेगें।

बैठक की तैयारी के सिलसिले में सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय राधाकांत भवन में बैठक का आयोजन किया गया।


- सम्मेलन में कार्यकर्ताओं से शामिल होने की अपील

बैठक में विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, नगरपालिका जशपुर की पूर्व अध्यक्ष रजनी प्रधान, राजकपूर भगत, देवधन नायक, मंगलनाथ सिंह, फैजान सरवर खान, शरद चौरसिया, संतोष सिंह, संजीव ओझा, विजय सहाय, लालदेव भगत, श्यामलाल भगत, त्रिवेणी यादव, कमलेश सिन्हा, सावित्री सिंह, विकास सोनी, संजय गुप्ता, राजू सिंह, विनोद निकुंज, गोविंद भगत, अभिषेक मिश्रा, आशु राय, राधेश्याम राम, महेश पांडे सहित भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे। संयोजक ओमप्रकाश सिन्हा ने बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को बताया कि आसन्न लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को, जशपुर जिले के तीनों विधानसभा सीटों से ऐतेहासिक मतों से बढ़त दिलाना है। इसी लक्ष्य को लेकर, हम सब, आगे बढ़ रहें हैं। उन्होनें कहा कि भाजपा, कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यहां, हर कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का समान अवसर मिलता है। यही कारण है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, 5 अप्रैल को कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हो कर, कार्यकर्ताओं से सीधी चर्चा करेगें। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के सामने चुनाव के प्रचार अभियान के अब तक के अनुभव और अगर कोई समस्या आ रही हो तो उसे कार्यकर्ता साझा कर सकते हैं। उन्होनें सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं से शामिल होने की अपील की।



### तीनों विधान सभा में होगी बैठक

पार्टी के जिला प्रवक्ता ओम प्रकाश सिन्हा ने बताया कि जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता का सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जशपुर में 5 अप्रैल, कुनकुरी में 6 और पत्थलगांव में 7 अप्रैल को सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। इन तीनों ही सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित रहेगें।



# डाक मतपत्र से संबंधित नोडल अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू, डाक मतपत्र नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के की अध्यक्षता में विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डाक मतपत्र से संबंधित नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक अनिवार्य सेवा श्रेणी के तहत स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, बीएसएनएल, जनसंपर्क, डाक विभाग एवं पुलिस विभाग के संबंधित अधिकृत डाक मतपत्र नोडल अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में नोडल अधिकारी विश्वास मास्के, सहायक नोडल अधिकारी रुपेश पाणिग्रही ने अनिवार्य सेवा श्रेणी के स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, बीएसएनएल, जनसंपर्क एवं डाक विभाग के अधिकृत नोडल अधिकारियों को डाक मतपत्र से संबंधित दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया एवं अध्ययन करने के निर्देश दिये गये। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रदीप कुमार साहू द्वारा संबंधित विभागों को डाक मतपत्र हेतु पात्रतानुसार मतदाता की सूची उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही मतदाताओं को 05 अप्रैल 2024 तक विधान सभावार डाक मतपत्र, निर्वाचन कर्त्तव्य प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। पुलिस विभाग जशपुर को निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी- ⏭ शेष पेज 4 पर

- कलेक्टर ने दिए आवश्यक दिशा- निर्देश

### एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

**जशपुरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

# पीएम मोदी और सीएम विष्णु की जोड़ी से राज्य का होगा तेजी से विकासः रायमुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ सहित जिले में पीएम मोदी और सीएम विष्णुदेव साय की जोड़ी से विकास कार्यों में तेजी आना शुरू हो गया है। यह कथन जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने बगीचा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नटकेला, जुरगुम, कुरडेग, जुजगु, पसिया और बम्बा में जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान कही। ज्ञात हो कि तेजतर्रार विधायक श्रीमती रायमुनी भगत मंगलवार को बगीचा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नटकेला, जुरगुम, कुरडेग, जुजगु, पसिया और बम्बा पहुंची। यहां विधायक श्रीमती भगत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुवे केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं के संबंध में सविस्तार बताया और कहा की देश में विकास कार्य करने वाले पीएम मोदी अब छत्तीसगढ़ सहित जशपुर जिला में भी विकास कार्यों को गति देने में लगे हैं। सूबे के मुखिया विष्णुदेव साय और पीएम मोदी की जोड़ी विकास कार्यों में बयार लाने अपना पूरा ताकत झोंक रहे हैं। इस वक्त भाजपा ने राधेश्याम राठिया को लोकसभा चुनाव में प्रत्यासी बनाया है, जिसको प्रचंड मतों से जीत दिला पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णुदेव साय का हाथ मजबूत करना है। इस कार्य में सभी का साथ और सहयोग का अपील करते हुवे जशपुर विधायक ने स्थानीय कार्यकर्ता का हौसला भी बढ़ाया। श्रीमती भगत ने कहा की सभी कार्यकर्ता पार्टी का रीढ़ की हड्डी है। कार्यकर्ताओं से ही पार्टी चलती है, यहां सभी कार्यकर्ताओं को उनके कार्यों के आधार पर उचित सम्मान और जगह भी दिया जाता है।सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी लोकसभा चुनाव में पूरी ईमानदारी से काम करते हुवे भाजपा प्रत्यासी को जीताने अपना शत प्रतिशत योगदान देंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री मुकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, मंडल प्रभारी मंडल अध्यक्ष रामसलोने मिश्रा, मंडल महामंत्री पवन सिंह, हरीश अरिक, मंत्री महेंद्र सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रित्विक जैन, महामंत्री शुभम जिंदल, हेमंत भगत, मृणाल पाठक, आईटी सेल जिला सह संयोजक विपिन यादव, विवेक गुप्ता, संतोष गुप्ता, मनीष शर्मा, ग्राम के सरपंच, कोरवा समाज, नगेसिया समाज, महाकुल समाज, कुम्हार समाज, उरांव समाज, मुंडा समाज, रौतिया समाज के प्रतिनिधिमंडल सहित ग्रामवासी, पदाधिकारी कार्यकर्तागण उपस्थित थे।


गांव में जनसंपर्क करतीं विधायक रायमुनी भगत।

# देशी रिवाल्वर के साथ तीन लुटेरे गिरफ्तार

**बलरामपुर ।** रिवाल्वर की नोक पर लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो रहे युवकों को पकड़ने में सफलता मिली है। भाग रहे लुटेरों को ग्रामीणों की मदद से पहले ही पकड़ लिया गया जबकि फरार हुए तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से देशी रिवाल्वर, जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि जरहाखाड़ निवासी प्रभु बेसरा आ. स्व. क्षीर कुंवर बेसरा 30 मार्च की शाम घर लौट रहे थे। इस दौरान सामरी रोड में भूपका नाला मगाजी चौक के समीप बाइक सवार तीन युवकों द्वारा ग्रामीण को पिस्टल दिखाकर 8 सौ रुपए नगदी व मोबाइल फोन की लूट की गई थी। लूट के बाद आरोपी चांदो की तरफ भाग निकले थे। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई थी जिसके बाद एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी शैलेन्द्र पांडे के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में थाना प्रश्नारी चांदो निरीक्षक भापेन्द्र साहू नेतृत्व में पुलिस टीम घेराबंदी कर आरोपियों की तलाश कर रही थी इसी बीच जानकारी आई कि बाइक सवार युवक भागते समय चुरुंडा नाला के समीप जवाखाड़ में बाइक से गिरकर घायल हो गए और ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया। घायलों में एक युवक मौके से भागने में सफलता रहा। ऐसे में पुलिस टीम द्वारा ग्रामीणों की मदद से दोनों युवकों को पकड़कर पूछताछ की गई। पकड़े गए युवकों की पहचान झारखंड के गढ़वा के रंका गोदरमाना निवासी 24 वर्षीय विवेकानंद चौबे आ. अनिल चौबे व रामानुजगंज वार्ड क्रमांक 14 निवासी 19 वर्षीय समीर कुशवाहा आ. रामचंद्र कुशवाहा के रूप में की गई।

# अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर पैकरा सेवानिवृत्त, दी विदाई


सेवानिवृत्ति पर पैकरा को सम्मानित करते एसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पुलिस बल जशपुर में सेवारत रहे सघु साय पैंकरा द्वारा 31 मार्च को 62 वर्ष की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सम्मानित करते हुए पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा उन्हें शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह प्रदाय कर उनके उज्जवल भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी।

पुलिस अधिकारियों ने सेवानिवृत्त हुए सउनि को कर्तव्यनिष्ठ बताते हुये उनके कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान सेवानिवृत्त हो रहे सउनि के परिजन एवं कार्यालयीन स्टाफ भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि सउनि सघु साय पैंकरा वर्ष 1981 में जिला पुलिस बल गुना (मध्यप्रदेश) में आरक्षक के पद पर प्रथम नियुक्ति पश्चात 1988 तक गुना जिले के विभिन्न थाना चौकी में पदस्थ रहे हैं उसके पश्चात वर्ष 1988 में रायगढ़ जिला स्थानांतरण पर आए एवं उप रक्षित केंद्र जशपुर में पदस्थ रहे। वे जशपुर जिले के विभिन्न थानों व चौकियों में पदस्थ रहते हुए वर्तमान में सुलेसा में पदस्थ रहते सेवानिवृत हुए है। विदाई समारोह में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जशपुर चंद्रशेखर परमा, उप पुलिस अधीक्षक भावेश कुमार समरथ, रक्षित निरीक्षक जशपुर अमरजीत खुटें एवं समस्त कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

### गोयल किंडरगार्डन इंग्लिश मीडियम स्कूल का शुभारंभ

# प्रारंभिक शिक्षा से ही बच्चों का विकास : गोमती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

मंगलवार को गोयल किंडरगार्डन इंग्लिश मीडियम स्कूल का ग्रैंड ओपनिंग विधायक गोमती साय के मुख्य आतिथ्य एवं बारूमल अग्रवाल के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ,पप्पल गोयल, घनश्याम अग्रवाल, शंभू अग्रवाल विशिष्ट अतिथि थे।

विधायक गोमती साय के स्कूल परिसर में पहुंचते ही गोयल परिवार के सदस्यों एवं स्कूल की संचालिका सुमन गोयल द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर अपने उद्बोधन में विधायक साय ने कहा कि बच्चे का विकास शिक्षा के प्रारंभिक स्तर से ही होता है। बच्चों की यदि नींव को ही अच्छे से सींचा जाए तो पौधा अच्छा बनता है। वही बातें शिक्षा में भी कही जाती है कि बच्चों का नींव प्रारंभिक स्तर की शिक्षा यदि अच्छे तरीके से मिल जाए तो आने वाला भविष्य बच्चों का उज्जवल होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को जितना हमारे द्वारा बाटा जावेगा उतना ही शिक्षा का स्तर अच्छा होता है इसका उदाहरण हम ब्लड डोनेशन से लगा सकते है व्यक्ति जितना ब्लड डोनेट करेगा शरीर में उसका खून उतना अधिक बनता है। वही बातें शिक्षा के क्षेत्र में भी देखी जाती हैं ।भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि पत्थलगांव में गोयल स्कूल के संचालिका सुमन गोयल ने दो बच्चों के ट्यूशन के माध्यम से अपने शिक्षा की शुरुआत की थी जो आज स्कूल संचालिका के मेहनत स्वरूप आज इतने बड़े भवन में गोयल किडन गार्डन इंग्लिश मीडियम स्कूल का शिक्षा का पौधा बढ़कर इतना बड़ा रूप लेते हुए आज इसका उद्घाटन किया जा रहा है हमें स्कूल संचालिका सुमन गोयल के बढ़ते कदमों को सराहना करनी चाहिए । गोयल स्कूल की संचालिका सुमन गोयल ने शायराना अंदाज में कहा कि जिंदगी ⏭ शेष पेज 4 पर



शुभारंभ समारोह में पहुंचीं गोमती साय का स्वागत करतीं गोयल परिवार की सदस्य।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मशहूर अभिनेता चांस पेरडोमो की बाइक हादसे में गई जान



मशहूर हॉलीवुड अभिनेता चांस पेरडोमो अब इस दुनिया में नहीं रहे। महज 27 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया है। 30 मार्च को एक्टर की बाइक एक्सीडेंट में मौत हो गई। उनके निधन से इंडस्ट्री को बड़ा झटका लगा है। फैंस भी अपने पसंदीदा स्टार के अचानक चले जाने से गमगीन है। उन्होंने जेन वी मूमिनवैली और आफ्टर वी फेल जैसी फिल्मों और सीरीज में अपनी भूमिकाओं से लोगों का दिल जीता था।चांस के प्रवक्ता ने एक बयान जारी कर उनके निधन की पुष्टि की है। प्रवक्ता ने कहा, "भारी मन से हम चांस पेरडोमो के बाइक दुर्घटना से असामयिक निधन की खबर साझा कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस घटना के पीछे कोई अन्य व्यक्ति शामिल नहीं था। जो भी उन्हें जानता था उसे ये पता है कि कला के प्रति उनका जुनून और जीवन से उन्हें कितना प्यार था।₹ बयान में परिवार की गोपनीयता का सम्मान करने का भी अनुरोध किया गया है। फिलहाल, हादसा कहां और कब हुआ इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। एक्टर के निधन से फैंस सदमे में हैं। अमेजन एमजीएम स्टूडियोज और सोनी पिक्चर्स टेलीविजन ने उनके निधन पर शोक जताया है। सोशल मीडिया पर जारी किए गए बयान में लिखा है, चांस पेरडोमो के अचानक निधन से पूरे जेन वी परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अमेजन एमजीएम स्टूडियोज और सोनी पिक्चर्स टेलीविजन चांस के परिवार और इस कठिन समय में उनसे प्यार करने वाले सभी लोगों के प्रति हार्दिक संवेदना और समर्थन व्यक्त करते हैं।"

### टॉलीवुड

## नानी ने श्रीकांत ओडेला के साथ फिर मिलाया हाथ




'दशहरा' तिकड़ी, निर्देशक श्रीकांत ओडेला, अभिनेता नानी और निर्माता सुधाकर चेरुकुरी, एक नई फिल्म के लिए फिर से साथ आए हैं। पिछले साल उनकी फिल्म की रिलीज के ठीक एक साल बाद, नानी ने शनिवार को एक्स पर नई फिल्म की घोषणा की। एलान मात्र से ही फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है। एक्स पर घोषणा करते हुए, नानी ने आगामी फिल्म को 'पागलपन' कहा, और श्रीकांत के साथ फिर से काम करने के लिए स्पष्ट रूप से अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने लिखा, 'दशहरा आज एक साल का हो गया। इस अवसर पर नानी 33। एक श्रीकांत ओडेला पागलपन फिर से।' 2023 में, श्रीकांत ने 'दशहरा' से डेब्यू किया, जिसमें कीर्ति सुरेश और दीक्षित शेट्टी भी मुख्य भूमिकाओं में थे। यह फिल्म उस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी। घोषणा पोस्टर को लाल रंग से रंगा गया है, जो दर्शाता है कि फिल्म हिंसक होगी, जबकि नानी दाढ़ी और मूंछों के साथ एक विशाल अवतार में दिखाई देते हैं। पोस्टर में वह सिगार पीते हुए नजर आ रहे हैं। पोस्टर पर लिखा है, 'नेता बनने के लिए आपको किसी पहचान की आवश्यकता नहीं है।' नानी के चेहरे और शरीर पर उनके अनुयायियों की भीड़ नजर आ रही है। निर्माताओं द्वारा साझा किए गए एक प्रेस नोट में लिखा है, 'क्रांति शुरू होने से पहले हिंसा अपना सही रूप ले लेती है। श्रीकांत ने नानी को एक और पावर-पैक किरदार में पेश करने के लिए एक और विजेता स्क्रिप्ट तैयार की। नानी 33 के साथ जल्द ही रक्त-पात के लिए तैयार हो जाइए। इसके लिए अपना दिल थामकर बैठिए।' जब यह अफवाह उड़ी कि श्रीकांत फिर से नानी के साथ काम करेंगे, तो कई लोगों को आश्चर्य हुआ कि क्या यह फिल्म 'दशहरा' की अगली कड़ी होगी। हालांकि, यह फिल्म सीक्वल नहीं है, निर्देशक पूरी तरह से अलग विषय पर लिख रहे हैं। सुधाकर श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर सिनेमाज बैनर के तहत फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। जबकि बाकी कलाकारों और क्रू की घोषणा अभी बाकी है।

### भोजपुरी

## रक्षा और विमल की 'शादी' की तस्वीरें हो रही वायरल



भोजपुरी स्टार्स रक्षा गुप्ता और विमल पांडेय की शादी की तस्वीरें देखकर फैंस हैरान हो रहे हैं। फैंस तस्वीरें देख हैरान हैं कि क्या रक्षा गुप्ता और विमल पांडेय ने सच में सात फेरे ले लिए हैं? दरअसल ये शादी की तस्वीरें फिल्म 'बड़की माई' के सेट से हैं, जिसका सीक्वेंस शूट किया गया। शूटिंग इन दिनों जोर शोर से चल रही है। यह तस्वीर उसी फिल्म की एक शूटिंग सीक्वेंस की है। इसके लेकर विमल पांडेय ने कहा, बड़की माई एक बेजोड़ फिल्म है। इस फिल्म में काम करना मेरे लिए बेहद खास है। फिल्म की कहानी ने मुझे अपनी और आकर्षित किया और अब मैं कहानी के अनुसार अपने किरदार को 100 पर्सेंट जीने की कोशिश कर रहा हूं। फिल्म की पूरी कास्ट मेहनती है और सभी अपना सब प्रतिशत दे रहे हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म जब रिलीज होगी तो दर्शकों को खूब पसंद आएगी।' वहीं रक्षा गुप्ता ने वायरल फोटो को लेकर कहा, 'लोगों को हमारी केमिस्ट्री पसंद आ रही है। उम्मीद है हमारी फिल्मी पसंद आएगी। मैं दर्शकों से गुजारिश करूंगी कि वो अपने परिवार के साथ हमारी फिल्म को देखें और उसे खूब प्यार हो रहा आशीर्वाद दें। 'बड़की माई' में जय यादव के अलावा बंगाली ब्यूटी मणि भट्टाचार्य और रक्षा गुप्ता मुख्य किरदार में हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर दीपक शाह हैं, जबकि इसे सुजीत वर्मा ने डायरेक्ट किया है। इसमें माया यादव, राजेश तोमर और नीलम पांडे भी नजर आएंगे। फिल्म की कहानी संतोष मिश्रा ने लिखी है और म्यूजिक साजन मिश्रा का है जबकि कोरियोग्राफर प्रवीण सेलार है।

## कैमरे में कैद हुस्न

### लाइफ स्टाइल




न्यूयॉर्क में ब्रुकलिन नेवी यार्ड एक शिपयार्ड और औद्योगिक परिसर वाला शहर है जो न्यूयॉर्क के उत्तर-पश्चिम ब्रुकलिन में स्थित है। यहां होने वाले फैशन शो की एक अलग पहचान है। यहां पिछले दिनों हुए स्प्रिंग समर शो में सुपर मॉडल क्रिस्टी टर्लिंग्टन और दूसरी मॉडल अपनी चिरपरिचित मुस्कान के साथ रैम्प पर नजर आईं। इन सुंदरियों ने प्रख्यात डिजाइनर राल्फ लॉरेन के डिजाइन प्रदर्शित किए।

## मॉइस्चराइजर लगाने के बाद भी त्वचा रहती है रूखी और बेजान? कहीं ये गलती तो नहीं कर रहीं आप

त्वचा की देखभाल के लिए लोग तरह तरह के नुस्खे अपनाते हैं। कई महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं लेकिन कोमल और बच्चों जैसी खूबसूरत त्वचा नहीं मिल पाती।

विशेषज्ञ त्वचा में नमी और कोमलता बरकरार रखने के लिए मॉइस्चराइजर के उपयोग की सलाह देते हैं। अमूमन ज्यादातर लोग त्वचा पर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते भी हैं। लेकिन मॉइश्चराइजर के उपयोग के बाद भी त्वचा रूखी और बेजान नजर आती है। कई बार तो मॉइस्चराइजर के साइड इफेक्ट भी देखने को मिलते हैं। इसका कारण होता है सही तरीके और आपकी त्वचा के अनुरूप मॉइस्चराइजर का उपयोग न करना।

रोज मॉइश्चराइजर लगाने वालों को भी इसके इस्तेमाल का सही तरीका पता नहीं होता। कुछ गलतियों के कारण त्वचा पर इसके असर गलत हो सकता है। आइए जानते हैं मॉइस्चराइजर लगाने के फायदे और इसके इस्तेमाल का सही तरीका।



### मॉइस्चराइजर के फायदे

त्वचा की देखभाल के लिए मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल मददगार है। मॉइस्चराइजर त्वचा को हाइड्रेट रखता है। इससे त्वचा के बंद स्किन पोर्स भी खुलने लगते हैं, जिससे मस्से और चकत्तों जैसी त्वचा की कई परेशानियां दूर हो सकती हैं।

### मॉइश्चराइजर लगाने का सही समय

एक्सपर्ट के मुताबिक मॉइश्चराइजर लगाने का सही समय नहाने के बाद होता है। लेकिन नहाने के तुरंत बाद मॉइश्चराइजर न लगाएं, बल्कि पहले स्किन को पूरी तरह से तौलिए से पोंछ लें। ध्यान रखें कि स्किन ज्यादा ड्राई न करें बल्कि हल्की नमी बनी रहने दें। ऐसी स्किन पर मॉइश्चराइजर लगाने से लंबे समय तक सॉफ्टनेस बनी रहती हैं। नहाने के पांच मिनट बाद मॉइश्चराइजर लगाएं।

चेहरे पर दिन भर धूप मिट्टी चिपक जाती है, जिससे मुंहासे और पिगमेंटेशन की समस्या हो सकती है। इसलिए दिन में दो से तीन बार फेस वॉश करना चाहिए। फेस वॉश के बाद तौलिए से स्किन को पोछकर मॉइश्चराइजर लगाएं। मेकअप करने से पहले मॉइश्चराइजर लगा लेना चाहिए। इससे स्किन पर मेकअप प्रोडक्ट का निगेटिव असर नहीं होता है और त्वचा पर उम्र से पहले झुर्रियां और झाइयां नहीं आती हैं। रात में सोने से पहले मॉइश्चराइजर लगाना चाहिए।

## पार्टी में पहनने के लिए परफेक्ट रहेगी लेटेस्ट डिजाइन वाली कुर्तियां




पार्टी में पहनने के लिए कुर्तियां बेस्ट ऑप्शन हैं। इस ड्रेस में आप कंफर्टेबल रहती हैं तो साथ ही इस आउटफिट में आप काफी खूबसूरत और स्टाइलिश भी नजर आती हैं। वहीं अगर इस बात को लेकर परेशान हैं कि पार्टी में किस तरह की कुर्ती पहने तो आप इस आर्टिकल की मदद से सही कुर्ती का चुनाव कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइन की कुर्तियां दिखाएंगे जिन्हें आप पार्टी जैसे खास मौके पर पहन सकती हैं।



### फ्लोरल प्रिंट कुर्ता

अगर आपको लाइट कलर पसंद है तो आप इस तरह की कुर्ती पहन सकती हैं। वहीं इसके लिए आप एक्ट्रेस सुनैना फौजदार के आउटफिट से आईडिया ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने पिंक कलर का फ्लोरल कुर्ता पहना हैं जिसमें पिंक कलर के फूल के कई सारे डिजाइन बनाये गए हैं। इस ड्रेस में एक्ट्रेस काफी स्टाइलिश नजर आ रही हैं और इस तरह का कुर्ता आप भी पार्टी में वियर कर सकती हैं। ये कुर्ता आप बाजार से खरीद सकती हैं या फिर ऑनलाइन भी ले सकती हैं साथ ही कपड़ा लेकर भी इस तरह का कुर्ता दर्जी के पास से सिलवा सकती हैं।



### कलर ब्लॉक कुर्ता

इस तरह की कुर्ता भी महिलाएं पार्टी में वियर कर सकती हैं और इस आउटफिट के लिए आप एक्ट्रेस रानी मुखर्जी के आउटफिट से आईडिया लिया जा सकता हैं। एक्ट्रेस ने कई सारे कलर ब्लॉक वाला ब्लैक कुर्ता पहना है और ये कुर्ता काफी स्टाइलिश है। वहीं इस तरह का कुर्ता पार्टी में वियर करने के लिए परफेक्ट ऑप्शन हो सकता है। इस तरह का आउटफिट आपको कई आसानी से बाजार में मिल जाएगा साथ ही ऑनलाइन भी आप इस तरह का आउटफिट खरीद सकती हैं या दर्जी से पास से भी सिलवा सकती हैं।

## हेयर बैंड में आपका लुक लगेगा एकदम कमाल अगर इन छोटे-छोटे टिप्स को करेंगी फॉलो

जब भी खुद को स्टाइल करने की बात होती है तो सिर्फ आउटफिट या एसेसरीज पर ही ध्यान देना काफी नहीं होता है, बल्कि आपको अपने हेयरस्टाइल का भी ख्याल रखना होता है। हेयरस्टाइल आपका ओवर ऑल लुक बदल देता है। अमूमन हमें यह समझ ही नहीं आता है कि किस हेयरस्टाइल को बनाया जाए। ऐसे में हेयरबैंड का इस्तेमाल करना यकीनन एक अच्छा आइडिया है। आप चाहे बालों को ओपन हेयर लुक दें या फिर पोनीटेल बनाएं, हेयर बैंड आपके सिंपल हेयरस्टाइल को भी स्टेटमेंट लुक देते हैं।

### सही हो हेयर बैंड स्टाइल

आजकल मार्केट में आपको कई कलर, पैटर्न व स्टाइल में हेयर बैंड मिल जाएंगे। चूंकि हेयर बैंड में ऑप्शन की कोई कमी नहीं है, इसलिए हम किसी को भी बस ऐसे ही चुन लेते हैं। लेकिन अगर आप सच में स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो हमेशा अपने आउटफिट और पर्सनल स्टाइल से मैचिंग हेयर बैंड की चुनें। साथ ही साथ, आप ओकेजन का भी ख्याल रखें। एक सिंपल हेयर बैंड से लेकर डेकोरेटिव हेयर बैंड तक आप कई ऑप्शन को एक्सप्लोर कर सकती हैं।



### करें मिक्स एंड मैच

अगर आप हेयर बैंड एकदम क्लासी लुक कैरी करना चाहती हैं तो ऐसे में मिक्स एंड मैच करना भी अच्छा आइडिया हो सकता है। आप अपने आउटफिट के साथ अलग-अलग हेयर बैंड को मिक्स एंड मैच करके थोड़ा एक्सपेरिमेंटल होने की कोशिश डरें। मसलन, अगर आप एक फेमिनिन लुक कैरी करना चाहती हैं तो फ्लोई समर ड्रेस के साथ फ्लोरल हेडबैंड पहनें। इसी तरह, इवनिंग आउटफिट में क्लासी दिखने के लिए स्लीक मैटेलिक हेयर बैंड पहना जा सकता है।

## सूट के साथ पहनें मनभावन कंगन

सूट के साथ पहनने के लिए कंगन के ढेर सारे परफेक्ट ऑप्शन हैं। इनमें पर्ल कंगन में मोतियों का काम किया साथ ही इस तरह के कंगन गोल्डन और सिल्वर दोनों ही कलर ऑप्शन में आपको मिल जाएंगे। जिन्हें आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं। वहीं अगर आप डार्क कलर का सूट पहन रही हैं तो इस तरह के कंगन आपके आउटफिट के साथ परफेक्ट रहेंगे। इन कंगन को आप अपने आउटफिट से हिसाब से बाजार और ऑनलाइन प्लेटफार्म से खरीद सकती हैं जो आपको 200 से 300 रुपये में मिल जाएंगे।

### स्टोन कंगन

इस तरह के कंगन भी सूट के साथ वियर करने के लिए परफेक्ट रहेंगे इन कंगन में स्टोन वर्क किया गया है. इन कंगन में छोटे-बड़े स्टोन का वर्क किया गया हैं। वहीं अगर आप क्लासी और स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के कंगन अपने आउटफिट के कलर के हिसाब से ले सकते हैं। इन स्टोन वर्क वाले कंगन में आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। ये कंगन आपको आसानी से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 300 से 400 रुपये में मिल जाएंगे।



### मल्टीकलर कंगन

अगर आपको ये समझ नहीं आ रहा है कि आप जो सूट पहन रही हैं उसके साथ किस तरह का कंगन पहने तो आप इस तरह अपने सूट के साथ मल्टीकलर कंगन को वियर कर सकती हैं। मल्टी कलर बड्स वाला या स्टोन या मिरर वाला वर्क किया गया है। मल्टीकलर कंगन के कई सारे डिजाइन आपको मिल जायेंगे जिन्हें आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं। इस तरह के कंगन डिजाइन मार्केट में आपको से 200 से 3000 रुपये में मिल जाएंगे।

### कार्नर न्यूज

## तपिश से राहत देने के साथ किलर लुक भी मिलेगा आपको

गर्मी में कुर्ता पहनने के एक नहीं कई फायदे हैं। आराम का आराम और किलर लुक भी। कोई 60 का हो या 16 साल का, कुर्ते को नापसंद कर ही नहीं सकता। इसलिए समर सीजन में कूल लुक के लिए कुर्ते से बेहतर ड्रेस कुछ नहीं हो सकती। गर्मी में तेज धूप से त्वचा को बचाना है तो ऐसा ही कुछ पहनना चाहिए। मगर कुछ लोगों पर कुर्ता अच्छा नहीं लगता, उसकी वजह ड्रेस नहीं है। क्योंकि हम कुर्ता खरीदने से लेकर पहनने तक में कुछ न कुछ गलतियां कर देते हैं। आप खुद ही सोचिए कि फैशन मिस्टेक करने के बाद कुर्ते में भला आप परफेक्ट कैसे दिख सकते हैं।

## गर्मी में कुर्ता पहनना फैशन के साथ मौसम की जरूरत परफेक्ट लुक के लिए अपनाएं कुछ स्टाइलिंग टिप्स



### कुर्ता क्यों पहनें

गर्मी में राहत देने वाले कपड़े पहनना चाहते हैं तो स्टाइलिश कुर्ता चूज करें। क्योंकि पूरे गर्मी केवल टी-शर्ट या शर्ट में नहीं गुजार सकते। साथ ही एथनिक लुक किसी भी ओकेजन के लिए सही माना जाता है। घर का फंक्शन हो या कहीं और का, आप कुर्ता पहनकर जा सकते हैं।

### फैब्रिक चेक करें

गर्मियों में बदन में चुभने वाली ड्रेस भला क्यों पहननी। अगर आपने फ्रैब्रिक के मामले में गलती कर दी तो कुर्ता भले ही देखने में ठीक लगे लेकिन पहनने के बाद दिक्कत ही होगी। इसलिए समर सीजन में कुर्ते के फैब्रिक को लेकर गलती न करें। इस मौसम में सूती कुर्ते ही बेस्ट होते हैं। इसलिए पॉलिस्टर फैब्रिक वाले कुर्ते को सर्दियों के दिनों में पहनें। गर्मी में कॉटन के कुर्ते ही पहनें।

### कुर्ते की फिटिंग कैसी होनी चाहिए

टी-शर्ट और शर्ट की तरह कुर्ते की फिटिंग का भी ख्याल रखना है। ऐसा नहीं कि कुर्ता है तो जैसा मन किया पहन कर चल दिए। बहुत टाइट कुर्ता भी नहीं पहनना चाहिए बल्कि लूज फिटिंग वाला ही पहनें। ये गर्मी और लुक दोनों के हिसाब से सही रहेगा।

### कुर्ते की लेंथ कितनी होनी चाहिए

परफेक्ट लुक के लिए कुर्ते की लेंथ का पूरा ध्यान रखें। अलग-अलग बॉडी साइज के अनुसार कुर्ते की लेंथ भी मायने रखती है। लेंथ का ख्याल नहीं रखने पर लुक बिगड़ सकता है।

### बॉडी साइज के हिसाब से कुर्ता

लेंथ के लिए आपको अपना बॉडी साइज समझना होगा। शॉर्ट हाइट या लंबे लड़कों को अपने शरीर के हिसाब से कुर्ता पहनना चाहिए। तभी जाकर वे कुर्ते में आकर्षक दिख पाएंगे।

### लॉन्ग लेंथ वाला कुर्ता

लॉन्ग लेंथ वाला कुर्ता लंबे लड़कों के लिए सही माना जाता है। इसलिए यदि आप लंबे हैं तो बेहिचक घुटने के नीचे तक का कुर्ता पहन सकते हैं। वहीं, शॉर्ट हाइट वाले लड़के लॉन्ग कुर्ता पहनने के बाद और भी छोटे दिखाई देते हैं।





## श्रीकांत आ रहा है सबकी आंखें खोलने', 10 मई को होगी रिलीज

**मुंबई।** एक्टर राजकुमार राव अब जल्द ही अपने फैंस के लिए फिल्म 'श्रीकांत' लेकर आ रहे हैं जिसका नाम पहले श्री रखा गया था। फिल्म अक्षय तृतीया के मौके पर 10 मई को थिएटर में रिलीज होगी। फिल्म के पोस्टर में एक टैगलाइन भी लिखा गया है, 'आ रहा है सबकी आंखें खोलने'। ये फिल्म भारत के एक नेत्रहीन बिजनेस मैन श्रीकांत बोल्ला की रियल स्टोरी पर आधारित है। जिसमें राजकुमार लीड रोल में नजर आने वाले हैं। बता दें कि, श्रीकांत बोल्ला बौलेंट इंडस्ट्रीज के संस्थापक हैं, जो आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव से आते हैं। वे मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूएसए में पढ़ाई करने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय नेत्रहीन छात्र थे, जिन्होंने अपनी दृष्टिहीनता को समस्या नहीं बल्कि चैलेंज समझा और कामयाबी की नई इबारत लिखी।

लाइफ Style

# खुशी कपूर

## 'द आर्चीज' के बाद हाथ लगी दो बिग मूवीज



दिवंगत फिल्म अभिनेत्री श्रीदेवी की छोटी बेटी व जाह्नवी कपूर की छोटी बहन खुशी कपूर ने जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' के साथ अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। सुहाना खान, अगस्त्य नंदा और वेदांग रैना जैसे सितारों के साथ खुशी कपूर की इस फिल्म को दर्शकों ने खासा पसंद किया था।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस मूवी में वेरोनिका का किरदार निभाने का बाद वाहवाही लूट चुकीं खुशी कपूर अब अपनी दूसरी फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं। खबर है कि अदाकारा खुशी कपूर ने एक नहीं बल्कि 2 बड़ी फिल्में साइन की हैं। इन दोनों ही फिल्मों में वो बॉलीवुड के चर्चित स्टारकिड्स के साथ ऑन स्क्रीन नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अदाकारा खुशी कपूर जल्दी ही धर्मा प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनने वाली फिल्म 'नादानियां' में नजर आएंगी। इस फिल्म में अदाकारा खुशी कपूर के साथ सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान अपने धमाकेदार बॉलीवुड डेब्यू की तैयारी में हैं। इतना ही नहीं, इसके अलावा खुशी कपूर इब्राहिम अली खान के बाद आमिर खान के शहजादे जुनैद खान की भी अगली फिल्म में नजर आने वाली हैं। ये सुपरहिट तमिल फिल्म लव टुडे की हिंदी रीमेक है। जिसके अधिकार फैंटम स्टूडियो ने हासिल किए थे। बता दें कि ये जुनैद खान के करियर की डेब्यू मूवी नहीं होगी। सिल्वर स्क्रीन पर पहुंचने से पहले ही जुनैद खान का धांसू डेब्यू होने वाला है। जुनैद खान के करियर की पहली मूवी महाराज होगी। जो जल्दी ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। इस मूवी में जुनैद खान अदाकारा शालिनी पांडे संग ऑन स्क्रीन रोमांस करते दिखेंगे।

हॉलीवुड मसाला



## फेमस डायरेक्टर से मिलाया हाथ

**मुंबई।** बॉलीवुड और हॉलीवुड की फिल्मी दुनिया में अपने दमपर नाम कमाने वाली एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इन दिनों काफी चर्चा में बनी हुई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रियंका चोपड़ा हिंदी फिल्मों में वापसी करने की तैयारी कर रही हैं। इसके लिए प्रियंका चोपड़ा और संजय लीला भंसाली के बीच बात चल रही है। प्रियंका चोपड़ा संजय लीला भंसाली की पीरियड-एक्शन में नजर आने वाली है। लेकिन आपको बता दें अभी तक इसको लेकर अभी तक कोई अधिकारिक खबर सामने नहीं आई है।




## 51 साल की उम्र में मां बनीं एक्ट्रेस कैमरून डियाज

**दुबई।** हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस कैमरून डियाज के घर एक बार फिर बच्चे की किलकारी गूंजी है। पूरा घर खुशियों से भर गया है। परिवार जश्न मना रहा है। द मास्क फेमस कैमरून ने 51 साल की उम्र में दूसरे बच्चे को जन्म दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस को ये गुड न्यूज सुनाई और बेटे के नाम का भी ऐलान कर दिया है। कैमरून डियाज ने इंस्टाग्राम पर एक ड्रॉइंग की फोटो शेयर की, जिस पर लिखा है, एक छोटी चिड़िया ने मेरे कानों में आकर कहा...। फिर वह कैप्शन में लिखती हैं, हम अपने बेटे कार्डिनल मैडेन के जन्म की घोषणा करते हुए धन्य और उत्साहित हैं। वह अद्भुत है और हम सभी बहुत खुश हैं कि वो यहां है! बच्चों की सुरक्षा और प्राइवेसी के लिए हम कोई भी फोटो पोस्ट नहीं करेंगे। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने बताया कि उनका नवजात बच्चा वास्तव में बहुत प्यारा है और उसे पाकर कैमरून और उनके पति बेंजी मेडन खुद को किस्मत वाला महसूस कर रहे हैं।



## शाहरुख संग बनाऊंगी फिल्म : फराह खान

**मुंबई।** फराह खान इंडस्ट्री की मशहूर कोरियोग्राफर हैं, जो 4 फिल्मों का निर्देशन भी कर चुकी हैं। उन्होंने शाहरुख खान अभिनीत फिल्म 'मैं हूं ना' से निर्देशन क्षेत्र में कदम रखा था। फराह, शाहरुख के साथ ही 3 फिल्मों में काम कर चुकी हैं और उन्हें अपने लिए भाग्यशाली मानती हैं। उनका मानना है कि 'मैं हूं ना' शाहरुख की बदौलत ही सफल हुई थी। फराह का कहना है कि वह शाहरुख संग काम करने का इंतजार कर रही हैं। मालूम हो कि फराह ने फिल्म 'मैं हूं ना' के अलावा शाहरुख के साथ 'ओम शांति ओम' (2007) और 'हैप्पी न्यू ईयर' (2014) में काम किया है, जिन्हें दर्शकों ने भी काफी पसंद किया था। हालांकि, अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ के साथ फराह की फिल्म 'तीस मार खान' बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी थी।



## फिल्म 'अर्जुन उस्तारा' में करेंगे काम

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता कार्तिक आर्यन, निर्देशक विशाल भारद्वाज की थ्रिलर फिल्म अर्जुन उस्तारा में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि कार्तिक आर्यन ने विशाल भारद्वाज के साथ एक थ्रिलर फिल्म को लेकर बातचीत की है। यह एक थ्रिलर फिल्म होगी। कार्तिक आर्यन की इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस करने वाले हैं।विशाल, कोरोना महामारी से पहले इस फिल्म को बनाने वाले थे, लेकिन कई मुद्दों के चलते उन्होंने कुछ समय के लिए इस फिल्म को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। विशाल भारद्वाज पहले इरफान खान के साथ यह फिल्म बनाने वाले थे। कहा जा रहा है कि फिल्म अर्जुन उस्तारा को विदेशों में बड़े स्केल पर शूट किया जाएगा। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग स्पेन और ग्रीस में की जाएगी।

टीवी मसाला




## राजनीति में एंट्री के बाद कंगना नहीं करेंगी 'लॉक अप 2' को होस्ट!

**मुंबई।** एक्ट्रेस कंगना रनौत राजनीति में एंट्री करने के बाद से लगातार चर्चा का विषय बनी हुई हैं। एक्ट्रेस ने राजनीति में कदम रख लिया और अब वो इस साल लोकसभा इलेक्शन लड़ने जा रही हैं। कंगना को बीजेपी की तरफ से हिमाचल प्रदेश के मंडी से टिकट दिया गया है। इसी बीच खबरें हैं कि, एक्ट्रेस का शो लॉक अप सीजन 2 भी जल्द ही आने वाला है। लॉक अप का पहला सीजन काफी हिट रहा था। इस शो को कंगना रनौत ने होस्ट किया था। अब लोगों के मन में सवाल है कि, क्या राजनीति में एंट्री के बाद कंगना रनौत 'लॉक अप 2' को होस्ट करेंगी? अब एकता कपूर ने शो को लेकर बड़ा अपडेट दिया है।

### एकता कपूर ला रहीं लॉकअप सीजन 2

एकता कपूर के शो लॉकअप सीजन 1 को कंगना रनौत ने होस्ट किया था। शो को दर्शकों की तरफ से काफी पसंद किया गया था। बीते दिन अंकिता लोखंडे और विक्की जैन की होली पार्टी में शामिल होने एकता कपूर पहुंची थी। पार्टी के बाद जब एकता पार्टी से घर जा रहीं थी तब पैपराजी ने उन्हें घेर लिया और कंगना के चुनाव लड़ने पर रिएक्ट करने के लिए कहा। इस दौरान एकता ने शो लॉक अप सीजन 2 को लेकर बड़ा अपडेट दिया।

### सीजन 2 को होस्ट करेंगी कंगना रनौत?

एकता कपूर से पैपराजी ने कंगना की राजनीति में आने को लेकर सवाल किया था। लेकिन एकता ने इस सवाल का गोल मोल जवाब देते हुए बस इतना कहा कि- मैं उम्मीद करती हूं को वो मेरे लॉकअप के नेक्स्ट सीजन को होस्ट करे। इसके बाद एकता हंसते हुए वहां से चली जाती हैं।


### पहले सीजन के विनर थे मुनव्वर फारूकी

बता दें कि लॉकअप सीजन 1 साल 2022 में ओटीटी पर स्ट्रीम हुआ था। सीजन में कई विवादित सेलेब्स को लाया गया था। पहले सीजन में 16 कंटेस्टेंट्स ने हिस्सा लिया था। जिसमें मुनव्वर फारूकी, स्वामी चक्रपाणि, बबीता फोगाट, सारा खान, शिवम शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, अंजलि अरोड़ा, निशा रावल, पायल रोहतगी, तहसीन पूनावाला और करनवीर वोहरा आदि शामिल थे। शो का पहला सीजन लोगों के बीच काफी पॉपुलर हुआ था। 'लॉकअप' सीजन 1 को एमएक्स प्लेयर और एएलटी बालाजी पर लॉन्च किया गया था।

## 'सिर्फ एक लक्ष्य, बदला... प्रलय आने वाला है'

### बड़े मियां छोटे मियां के विलेन का खूंखार रूप आया सामने

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां'को लेकर चर्चा में है। इसी बीच फिल्म के ट्रेलर के बाद अब विलेन पृथ्वीराज सुकुमारन का खतरनाक अवतार भी सामने आ गया है। जिसमें वो कहते नजर आ रहे हैं कि 'प्रलय आने वाला है।' विलेन के रोल में एक्टर मुखौटा पहने नजर आ रहे है। इसके साथ रिवील किए गए लुक में पृथ्वीराज ब्लैक कलर के ओवरकोट और हाथ में गन लिए दिखाई दे रहे है। फिल्म ईद के मौके पर यानी 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हैं।



### फिल्म के स्टार कास्ट

'बड़े मियां छोटे मियां' के स्टार कास्ट की बात करें, तो इस फिल्म में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिंहा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है और उन्होंने ही स्क्रिप्ट लिखी है। इसके अलावा इस फिल्म को दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, वाशु भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है।




## दुनियाभर में बजा दी गोट लाईफ का डंका

### बॉक्स ऑफिस में किया अंधाधुंध कलेक्शन

**नई दिल्ली।** साउथ स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कहर बरपा रही है। देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मलयालम भाषा में बनी इस फिल्म का डंका बज रहा है। तीन दिनों में 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' ने देशभर में 20 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने तीन दिनों में दुनियाभर में 50 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' का डायरेक्शन नेशनल अवॉर्ड विनर ब्लेसी ने किया है। इसमें पृथ्वीराज सुकुमारन के अलावा फ्रेंच एक्टर जिमी जीन लुइस, अरब एक्टर तालिब अल बलुशी, अमाला पॉल और आरके गोकुल ने काम किया है। 'आदुजीविथम द गोट लाइफ' पर काम साल 2008 में शुरू हुआ था और 16 साल में बनकर 28 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' की कहानी बेन्यामिन के उपन्यास आदुजीविथम पर आधारित है। यह फिल्म केरल के नजीब नामक व्यक्ति की सच्ची कहानी बताती है, जो 90 के दशक की शुरुआत में रोजगार के लिए खाड़ी देश चला गया था, लेकिन वहां जाकर उसकी हालत बदतर हो जाती है। वह खुद को एक गुलाम की तरह पाता है और फिर अपने घर वापस लौटने के लिए तरसता है।

## रणबीर कपूर-दीपिका पादुकोण ही नहीं, ब्रेकअप के बाद पर्दे पर दिखी इन सितारों की जोड़ी

*मुंबई। बॉलीवुड में रिश्ते बनने और बिगड़ने में देर नहीं लगती। कुछ सितारों का प्यार शादी के मुकाम तक पहुंचता है तो कुछ की मोहब्बत शादी तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देती है। हालांकि, इससे परे आज हम आपको उन सितारों के बारे में बताएंगे, जिन्होंने ब्रेकअप के बाद भी साथ काम किया और उनकी केमिस्ट्री को खूब पसंद भी किया गया। एक नजर उन्हीं चर्चित जोड़ियों पर, जिन्हें अलग होने के बाद पर्दे पर साथ देखा गया।*



### रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण

रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण के बीच का रिश्ता किसी से छुपा नहीं है। दोनों ने काफी समय तक एक-दूसरे को डेट किया था फिर वे अलग हो गए। हालांकि, दोनों 2013 में फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' के साथ आए थे जिसमें बनी और नैना के किरदार में उनकी केमिस्ट्री को दर्शकों ने भी काफी पसंद किया। इसके बाद दोनों 2015 में एक बार फिर फिल्म 'तमाशा' में साथ नजर आए और अब एक-दूसरे के काफी अच्छे दोस्त हैं।

### रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा



2010 में फिल्म 'बैंड बाजा बारात' में साथ काम करने के बाद रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा के अफेयर की खबरों ने जोर पकड़ लिया था। हालांकि, दोनों सितारों ने कभी अपने रिश्ते को लेकर हामी नहीं भरी थी और कुछ समय बाद ही उनके अलग होने की बात भी सामने आ गई। इसके बाद दोनों ने 2015 में फिल्म 'दिल धड़कने दो' में काम किया, जिसमें भी उनकी जोड़ी को काफी प्यार मिला था।

### शाहिद कपूर और करीना कपूर



2004 में शाहिद कपूर और करीना कपूर फिल्म 'फिदा' के दौरान एक-दूसरे को दिल दे बैठे थे। दोनों 2007 में इम्तियाज अली की फिल्म 'जब वी मेट' से पहले तक साथ थे और इसे फिल्माने के दौरान अलग हो गए। हालांकि, दोनों की निजी जिंदगी का असर उनकी पर्दे पर नजर आई शानदार केमिस्ट्री में नहीं दिखा। इसके बाद दोनों 'उड़ता पंजाब' में नजर आए, जिसमें उनके साथ में सीन नहीं थे पर दोनों प्रमोशन के दौरान साथ दिखे थे।



### आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर

यूं तो अब आदित्य रॉय कपूर की अनन्या पांडे के साथ डेटिंग की खबरें सामने आती रहती हैं, लेकिन प्रशंसक श्रद्धा कपूर के साथ उनकी जोड़ी को आज भी पसंद करते हैं। दोनों 'आशिकी 2' में साथ नजर आए थे और एक-दूसरे को डेट करने लगे थे, लेकिन फिल्म की रिलीज के कुछ समय बाद दोनों अलग हो गए। हालांकि, ब्रेकअप के बाद उन्होंने फिल्म 'ओके जानू' में काम किया था, जिसमें एक बार फिर उनकी जोड़ी शानदार लगी थी।

## खबर संक्षेप

### कोमल का नवोदय विद्यालय में चयन



**रायगढ़।** घरघोड़ा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला चारमार में अध्ययन कर रही कोमल प्रधान को चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। कोमल की इस सफलता पर उसके शिक्षक टिकेश्वर पटेल सहित उसके पिता हरिशंकर प्रधान व माता डेरूती प्रधान ने उसे आर्शीवाद दिया और उज्वल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि इसी विद्यालय के अन्य 5 बच्चों का सैनिक स्कूल व नवोदय में हाल ही में चयन हुआ है।

### संस्कार का छात्र सीएससीएस के लिए चयनित

**रायगढ़।** संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल शिक्षा के साथ साथ खेल एवं व्यक्तित्व विकास के लिए प्रसिद्ध है। संस्था के छात्र रहे कृष मैत्री का चयन सीएससीएस के द्वारा घोषित किए गए 80 उभरते खिलाडियों मे शामिल हैं। संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि कृष मैत्री संस्कार पब्लिक स्कूल का होनहार छात्र रहा है। जो स्कूल शिक्षा के दौरान ही सीएससीएस के टूर्नामेंट के लिए चयनित होता रहा है। वर्तमान में कॉलेज की शिक्षा भिलाई में लेते हुए क्रिकेट में रायगढ़ जिले एवं संस्कार पब्लिक स्कूल का नाम रोशन कर रहा है। रामचन्द्र शर्मा सहित प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा एवं संपूर्ण स्टॉफ ने कृष मैत्री के उज्जवल भविष्य की कामना की है। कृष मैत्री के चयन के पश्चात स्कील एवं फिटनेस कैंप के लिए सीएससीएस के द्वारा आयोजित कैंप में शामिल होंगे।

### विधानसभा सम्मेलन में शामिल हुए भाजपा नेता

**रायगढ़।** भाजपा प्रारंभ से ही धरातल की राजनीति को महत्व देती आई है। मतदान केंद्र का कार्यकर्ता मजबूत हो तभी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल पाता है। भाजपा कार्यकर्ता हमेशा हर चुनाव के लिए कमर कसकर तैयार रहता है। लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को प्रचंड मतों से विजयी दिलाने के लिए संकल्पित है। आज रायगढ़ विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन मंगलम गौशाला के पास प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। इस सम्मेलन में रायगढ़ के विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधरी, लोकसभा प्रभारी लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, पत्थलगांव विधायक व लोकसभा चुनाव की संयोजक श्रीमती गोमती साय, लोकसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया, रायगढ़ पूर्व विधायक लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक विजय अग्रवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के प्रभारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरुपाल सिंह भल्ला ने बताया की आज के सम्मेलन में रायगढ़ विधानसभा के 6 मंडलों से हर मतदान केंद्र से लगभग 20 कार्यकर्ता इस सम्मेलन में शामिल होंगे, इसके लिए मंडल स्तर पर बैठक करके जवाबदार कार्यकर्ताओं को जवाबदारी दी गई थी। कार्यक्रम में बीजेपी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को चार्ज करते हुए लोकसभा चुनाव के लिए तैयार किया।

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) फरसाबहार, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 202402032100124 / अ-21 / 2023-24
ग्राम तपकरा तहसील फरसाबहार

श्री जयलाल चौहान पिता अभिमन्यू चौहान जाति चीक निवासी ग्राम तपकरा तहसील फरसाबाहर जिला जशपुर (छ.ग.) ..........आवेदक

बनाम

छ.ग. शासन .............अनावेदक

-: उद्घोषणा :-

एतद् द्वारा तपकरा प.ह.न. 06 तहसील फरसाबहार जिला जशपुर (छ.ग.) की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा निम्नांकित विवरण की परिवर्तित भूमि के विक्रय हेतु अनुमति दिए जाने बाबत आवेदन पत्र कलेक्टर जिला जशपुर के समक्ष प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है, और सुनवाई हेतु तारीख 19.04.2024 के लिए नियत है :-
तहसील 1 फरसाबहार, प.ह.न. 2, 06, ग्राम का नाम 3 तपकरा, भूमि का विवरण ख.न. 4 152/61, रकबा 5, 0.0200 हे., लगान 6, 0.00 रूपये, प्रयोजन 7परिवर्तित भूमि के विक्रय की अनुमति हेतु रिमार्क 8-

अत: उक्त आवेदित स्वामी हक परिवर्तित प्राप्त भूमि के विक्रय हेतु अनुमति दिए जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने वैध अभिवाषक के माध्यम से दावा /आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तारीख 19.04.2024 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। उक्त नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 01.04.2024 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**फरसाबहार, जिला- जशपुर (छ.ग.)**

## मुआवजा और कानूनी कार्रवाई की मांग पर सड़क जाम

# शक्कर लेने गए मासूम की हाइवा की चपेट में आकर दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ घरघोड़ा मार्ग में एक बार फिर से दिल दहलाने वाली दर्दनाक सडक़ दुर्घटना घटित हो गया है। जिसमें पड़ोसी के लिए शक्कर लेने गए बालक की 10 चक्का हाईवे के चपेट में आकर मौत होने का मामला पूरे क्षेत्र में ग्रामीणों को स्तब्ध रख दिया है। इधर बालक की मौत होते ही आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम कर दिए हैं जबकि इकलौते बेटे को खोने के दंश में माता.पिता सदमे में है। जानकारी के मुताबिक निहान्त सिदार पिता गगन सिदार उम्र 5 साल गेरवानी का रहने वाला है। बालक के पिता माता रोजी मजदूरी कर जीवन यापन कर परिवार का लालन पालन करते हैं जबकि निहान्त घर में रहकर आंगनबाड़ी में अध्ययनरत था।

बताया गया कि निहान्त 29 मार्च की शाम 5 बजे घर के बगल पड़ोस में रहने वाली पड़ोसी द्वारा उसे शक्कर लेने के लिए भेजा गया, जहां बालक पैदल ही अपने धुन में शक्कर लेने के लिए रायगढ़ घरघोड़ा को जोडऩे वाले मुख्य मार्ग गेरवानी मेन रोड में आ रहा था तभी बीएसएनएल आफिस के सामने शिवा किराना स्टोर के पास पूंजीपथरा की ओर से आ रही 10 चक्का हाइवा सीजी 13 ड़ी 1753 के वाहन चालक ने तेज लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बालक दुर्घटना के बाद बुरी तरह से चोटिल हो गया। दुर्घटना के बाद प्रत्यक्ष दर्शियों ने वाहन चालक को कुछ लोग दौड़ा कर पकडऩे लगेंए वही कुछ लोग घायल की सुध लिए। तत्पश्चात आनन फानन में उपचार के लिए गंभीर अवस्था में इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।



बच्चे का शव लेकर सड़क पर बैठे परिजन।

इधर दुर्घटना के बाद मौके से भागते हुए वाहन चालक को पकडक़र पुलिस के हवाले किया गया। वही, आज 30 मार्च को उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उपचार के लिए रायपुर रिफर में ले जाया जा रहा था तभी उसकी मौत रास्ते मे हो गई। जहां से मृत अवस्था मे उसे फिर मेडिकल कॉलेज लाया गया। चूंकि कानूनी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए पोस्टमार्टम की जरूरत थी ऐसे में उसे चक्रधर नगर पुलिस ने रविवार को अस्तपाल प्रबंधन की तहरीर पर मर्ग कायम कर मामले को शून्य में जांच में ली है। बालक की मौत होने की सूचना जैसे गांव के ग्रामीणों को लगी तो उनके द्वारा बड़ी संख्या में जिला अस्पताल पोस्टमार्टम करवाने के लिए पहुंच गए। जहां शांतिपूर्वक उनके द्वारा कानूनी प्रक्रिया को पूरा कराया गया। तत्पश्चात दोपहर में शव को दाह संस्कार के लिए मृतक के रिश्तेदार व स्वजन गेरवानी गृह ग्राम लेकर गए। इधर उससे पहले ही गांव के ग्रामीणों ने शव को सडक़ में रखकर मुआवजा अन्य की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिए थे, वही पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के समझाईश व आश्वासन के बाद चक्काजाम खुला।

### पिकअप की टक्कर से दो बाइक सवार युवकों की मौत

जिले में बढ़ते सडक हाथों के क्रम में सोमवार को घटित दुर्घटना के दौरान एक पिकअप की ठोकर से बाईक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल को दोपहर लैलूंगा के रूडुकेला पुल के पास एक पिकअप क्रमांक सीजी 15 एसी 5321 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार दो युवकों को जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई वहीं गंभीर रूप से घायल युवक को रायगढ़ मेडिकल कालेज लाया जा रहा था जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो जाने की जानकारी मिली है। घटना के बाद से लैलूंगा पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है कि मृतक ढोरोंबीजा लैलूंगा थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं।



नकद समेत दो लाख का सामान जब्त।

# आईपीएल क्रिकेट सट्टा लेते दो बुकी गिरफ्तार

**रायगढ़।** आईपीएल क्रिकेट शुरू होते ही जिले में सट्टेबाजे का अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क सक्रिय हो गया है। जिला पुलिस लगातार सट्टेबाजों पर कार्रवाई कर रही किंतु सट्टे के कारोबार में इसका असर होता नहीं दिख रहा।

■ 35 हजार नकद समेत दो लाख का सामान जब्त

इसी कड़ी में 31 मार्च की रात्रि नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला एवं डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर साइबर सेल एवं थाना कोतवाली की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर ढिमरापुर चौक पर आरोपी गौरव देवांगन पिता हेमन्त देवांगन उम्र 30 वर्ष निवासी पैलेस रोड गद्दी चौक थाना कोतवाली रायगढ़ को दिल्ली और चेन्नई के मध्य आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलाते पकड़ा गया है। आरोपी गौरव देवांगन से 15,000 नगद एवं वनप्लस मोबाइल कीमत करीब 42,000 रुपए तथा जिंदल रोड ढिमरापुर चौक के पास आरोपी अजहर मोहम्मद पिता हुसैन मोहम्मद उम्र 26 वर्ष निवासी इंदिरानगर गंगाराम तालाब के पास थाना कोतवाली रायगढ़ को क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा मोबाइल पर नोट करते पकड़ा गया है जिसके पास से नगद रकम 20,000 और एक आईफोन 13 प्रो मैक्स कीमती करीब 1 लाख 30 हजार रुपए का जप्त किया गया है। आरोपियों के मोबाइल में व्हाट्सएप ऐप पर क्रिकेट सट्टा खिलाने का लिंक मिला है । आरोपियों पर थाना कोतवाली में धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। दोनों कार्रवाई में पुलिस ने सट्टा में लगे रकम समेत कुल 2 लाख 07 हजार रूपए की मशरूका की जप्ती की गई है।

# आगरा में रायगढ़ के खिलाड़ियों ने जीता सिल्वर मेडल

**रायगढ।** विगत सप्ताह लैक्रोस खेल हेतु जिले की टीम के खिलाड़ियों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मिलकर अपनी व्यथा सुनाई। आगरा में होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन में छत्तीसगढ़ की टीम को प्रतिनिधित्व करना था लेकिन टीम के पास शामिल होने के लिए आवश्यक संसाधन नही थे। ओपी चौधरी ने इन खिलाड़ियों की व्यथा को तन्मयता से सुना और तत्काल खिलाड़ियों के राष्ट्रीय आयोजन में शामिल होने की समुचित व्यवस्था करवाई।

■ खिलाड़ियों की परेशानी सुनने के बाद मंत्री की कोशिशों से लिया भाग

ओपी के प्रयासों से यह टीम राष्ट्रीय प्रतियोयिता में शिरकत कर पाई और अंतिम दिन फाइनल में बालक वर्ग की टीम ने रजत पदक हासिल किया। टीम के खिलाड़ियों सहित कोच ने ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा मंत्री ओपी चौधरी के प्रयासों से यह टीम राष्ट्रीय आयोजन में शामिल हो पाई अन्यथा यह कार्य असंभव था। टीम ने रजत पदक हासिल कर पूरे छत्तीस गढ़ मान बढ़ाया।



टीम के कहा ओपी है तो भरोसा है उन्होंने इसे सार्थक कर दिखाया। राष्ट्रीय लैक्रॉस प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के आगरा में हुआ। अंतिम दिन 31 मार्च को खेले गए फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ की सब जूनियर टीम बालक वर्ग ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी के सफल मार्गदर्शन की वजह से रजत पदक हासिल कर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। सब जूनियर टीम में दुर्गेश नन्दे की कुशल कप्तानी में पुष्पेन्द्र नन्दे, प्रिंस कांटे, आर्क एरिश एक्का, प्रिंस साहू गोल्की, कृष्णा गुप्ता खिलाड़ियों के सम्मिलित प्रयासों से चमकीली विजय हासिल हुई। छत्तीसगढ़ लैक्रॉस एसोसिएशन के सेक्रेटरी देव अवतार चौधरी, सुरेंद्र जेना, विष्णु चरण महाविद्यालय के प्राचार्य पी किंडो व कोच प्रोफेसर विजय कुमार काँटे, अभिनव विद्या मंदिर पुसौर स्कूल के प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी, कोच अभिनव सतपथी, एकेडमिक ब्राईट्स पब्लिक स्कूल, खरसिया के संचालक डॉ. एके ठाकुर व प्राचार्य रवि मेहर व कोच विवेकानंद सिंह, आदर्श ग्राम्य भारती के कोच राजनारायण प्रधान, गुरुकुल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अजय शर्मा, बालिका वर्ग जूनियर मैनेजर रिंकी साव कोच कविता, अर्पिता ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

# गांव को नशामुक्त बनाने आवेदन लेकर थाने पहुंची महिलाएं

**रायगढ।** धरमजयगढ थाना क्षेत्र के गांव के महिलाएं अवैध शराबबंदी की मांग को लेकर थाने पहुंची और थाना प्रभारी को ब्रिकी बंद करवाने के लिए सहयोग मांगा। और कहा कि नशा मुक्ति गांव बनाने में हमारी मदद करें। सामूहिक नेतृत्व में गांव के भारी संख्या में महिलाओं ने थाना प्रभारी से गुहार लगाकर अपने गांव को नशा मुक्त बनाने में सहयोग करने की बात कही।

महिलाओं ने बताया कि गांव के कुछ लोग अवैध शराब बेच कर माहौल खराब कर रहे हैं। जिसकी वजह से शराब की लत छोटे बच्चों को भी होने लगी है। आगे उन्होंने कहा कि कई बार समझाने के बावजूद शराब की बिक्री बंद नहीं हुई। गांव के अन्य लोगों द्वारा शराब पाऊच भी यहां से सप्लाई कर रहे हैं, महिलाओं ने कहा इन्हीं से हम मजबूर होकर शिकायत करने एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर शराब ब्रिकी बंद करवाने थाना धरमजयगढ आये हुए हैं। आपको बता दें अब तक नशा मुक्ति अभियान में सबसे पहले शराबबंदी पर महिलाओं को फोकस है महिलाओं को नशा मुक्ति कार्यक्रम में अपनी घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है। बहरहाल यह सत्य है यदि पुलिस सहयोग करें तो शराब बिक्री बंद हो सकती है, और महिलाओं का गुहार लगाना साकार हो सकता है। फिलहाल धरमजयगढ थाना प्रभारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि उनके द्वारा पूरा सहयोग किया जाएगा।



# गिरफ्तारी के डर से पेरोल पर छूटे आरोपी ने खुद को चाकू से गोदकर किया घायल

**रायगढ़।** पेरोल पर छूटने के बाद करीब 2 साल से नाम बदलकर पुलिस को चकमा दे रहे युवक ने पकड़े जाने के दर से खुद पर चाकू से कई बार हमला कर लिया जिसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की आलाधिकारी भी मौके पर पंहुचे और मरीज के हालत का जायजा लिया।

■ कोरोना काल में छूटने के बाद नाम बदल कर छिप रहा था आरोपी

जानकारी के अनुसार जोबी चौकी क्षेत्र स्थित ग्राम तरुआडीह निवासी पुरेंद्र लाल स्वर्णकार पिता बृजलाल स्वर्णकार उम्र 45 वर्ष कोरोना का प्रकोप बढ़ने पर रायगढ़ जिला जेल से पैरोल पर रिहा किया गया था। इसके बाद से वह पैरोल की अवधि खत्म होने के बाद भी जेल वापस नहीं गया और अपना सारा परिचय बदलकर गांव में रह रहा था। जमीन विवाद को लेकर उसका उसके भाई के साथ लड़ाई झगड़ा हुआ तब छोटे भाई की पत्नी ने पुलिस वाहन 112 को फोन करके झगड़ा की जानकारी दी। जब इस बात की भनक पुरेंद्र को लगी तब उसने पुलिस के पकड़े जाने और जेल से परिचय छुपा कर रहने का राज खुल जाने के डर से खुद को कमरे में बंद कर लिया। जब पुलिस वाहन 112 उसे लेने उसके घर पहुंची तब घर में सब्जी काटने वाले धारदार चाकू से अपने पेट और सीने पर सात आठ बार कर दिया। जिसे लहू लोहान हालत में देख पुलिस वाहन 112 उसे घरघोड़ा अस्पताल लेकर पहुंची।




# मोबाइल के विवाद में चार माह के शिशु को जमीन पर पटका, हुई मौत

**रायगढ़।** मोबाइल मांगने पर नहीं देने से नाराज एक महिला ने अपने चार माह के बच्चे को आवेश में आकर जमीन पर ऐसा पटका की उसकी मौत हो गई। विवाद दो सगी बहनों के बीच का बताया जा रहा है। लैलूंगा पुलिस ने 4 माह के शिशु की हत्या के अपराध में शिशु की निर्दयी मां और आरोपिया की सगी बड़ी बहन को गिरफ्तार किया गया है। अपराध को छिपाने घरवालों ने शिशु के उसकी मां के हाथ से गिर जाने से सिर में आई चोट की झूठी और मनगढ़ंत रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। पीएम रिपोर्ट में शिशु के सिर पर आई चोट किसी भारी ठोस वस्तु से प्रहार करने या टकराने की वजह से हिंसात्मक व्यवहार लेख किया गया है।

■ दो सगी बहनों के बीच में हुआ था विवाद, दो गिरफ्तार

थाना प्रभारी द्वारा मृतक की मां और घरवालों से कड़ाई से पूछताछ किया गया जिसमें घटना का खुलासा हुआ। घटना को लेकर शिशु की दादी श्रीमती समारी पैकरा पति कमल सिंह पर उम्र 50 साल निवासी सराईमुडा थाना लैलूंगा द्वारा 16 जनवरी को थाना लैलूंगा में शिशु की मौत के संबंध में मर्ग इंटीमेशन दर्ज कराई कि शिशु की मां पूजा पैंकरा सुबह रोड के ढलान पर बच्चे को धूप दिखा रही थी। उसी समय पूजा को अचानक चक्कर आने से दोनों मां बेटा ढलान पर से गिर गए जिससे शिशु आयुष 04 माह को चोट आयी, जिसे एंबुलेंस से शासकीय अस्पताल लैलूंगा में भर्ती किए जहां इलाज दौरान शिशु की मृत्यु हो गई है जिस पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।



## पृष्ठ 1 का शेष

### डाक मतपत्र से ...

कर्मचारियों को आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप 12 में समय-सीमा के भीतर जिला कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिये गये विभाग के सभी अधिकृत नोडल अधिकारी डाक मतपत्र हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों को विधिवत परीक्षण (वोटर हेल्पलाईन एप) से मिलान उपरान्त, भाग संख्या एवं सरल क्रमांक उल्लेख कर जमा करने के निर्देश दिए गए।

### प्रारंभिक शिक्षा ...

की असली उड़ान बाकी है, जिंदगी के कई इम्तिहान बाकी हैं, अभी तो नापी है मुट्ठी भर जमीन हमने ,अभी तो सारा आसमान बाकी है।विधायक गोमती साय ने गोयल किडन गार्डन इंग्लिश मीडियम स्कूल का फीता काटकर उद्घाटन किया इसके पश्चात नन्हे मुन्ने, छोटे-छोटे बच्चों द्वारा पंजाबी नृत्य ,गुजराती नृत्य, उड़िया नृत्य, छत्तीसगढ़ी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी ।बच्चों के हाव भाव व अपनी कला के प्रदर्शन से सभी मौजूद अभिभावकों ,अतिथियों को ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। इस मौके पर अग्रवाल सभा अध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल ,प्रयागराज अग्रवाल ,रामलाल अग्रवाल ,मुरारी लाल अग्रवाल ,रामावतार अग्रवाल ,अनील रामदास, नरेश झलक, सुशील बालाजी ,महेंद्र लुड़ेग ,अजय पार्षद ,संजू लोहिया ,भीमसेन गोयल ,राहुल गोयल, सौरभ गोयल ,प्रवीण ओपीडीपी ,मधुसूदन गोयल ,अंकित बंसल, मौसम अग्रवाल, शरणजीत भाटिया, रविंदर भाटिया, रेनू विश्वास सहित नागरिक एवं महिलाएं, बच्चे व विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### बगैर बिल हो रहा था परिवहन, 30 कूलर जब्त

**रायगढ़।** आमचुनाव 2024 को लेकर जिले में आचार संहिता प्रभावशील है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत उडऩदस्ता एफएसटी और स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी सक्रिय होकर चुनावी प्रलोभन सामग्री एवं नगद रुपयो की आवाजाही रोकने चेक पॉइंट पर वाहनों के आवाजाही की सघन जांच की जा रही है। इसी कड़ी में आज सुबह लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 02 के एफएसटी दल क्रमांक 07 के द्वारा थाना घरघोड़ा क्षेत्र अंतर्गत चुहकीमार मेन रोड में चेकिंग के दौरान पीकप क्रमांक सीजी 13 एटी 1438 में लोड लगभग 30 नग कुलर कीमती लगभग 2,00,000 को बिना बिल के परिवहन होते पकडा गया एवं सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय रायगढ़ को ईएसएमएस के जरिए सूचना अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया।







